भारत निर्वाचन आयोग

*निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - **110001***

सं. ईसीआई/पीएन/279/2025 **दिनांक : 02.08.2025**

प्रेस नोट

निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना किया;
BLO पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में वृद्धि

आयोग ने EROs और AEROs को मानदेय देने का भी फैसला किया

शुद्ध (pure) मतदाता सूचियां लोकतंत्र की आधारशिला हैं। मतदाता सूची मशीनरी, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (EROs), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (AEROs), BLO पर्यवेक्षक और बूथ लेवल अधिकारी (BLOs) शामिल हैं, कड़ी मेहनत करती हैं और निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। इसलिए, आयोग ने BLOs के वार्षिक पारिश्रमिक को दोगुना करने और मतदाता सूचियों की तैयारी एवं पुनरीक्षण में शामिल BLO पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। पिछला ऐसा संशोधन वर्ष 2015 में किया गया था। साथ ही, पहली बार EROs और AEROs के लिए मानदेय प्रदान किया गया है।

क्र.सं.	पदनाम	2015 से विद्यमान	अब संशोधित
1	**बूथ लेवल अधिकारी (BLO)**	**6000 रुपये**	**12000 रुपये**
2	**मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए BLO को प्रोत्साहन राशि**	**1000 रुपये**	**2000 रुपये**
3	**BLO पर्यवेक्षक**	**12000 रुपये**	**18000 रुपये**
4	**AERO**	**शून्य**	**25000 रुपये**
5	**ERO**	**शून्य**	**30000 रुपये**

इसके अलावा, आयोग ने बिहार से प्रारंभ होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए BLOs हेतु 6,000 रुपये के विशेष प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी थी।

यह निर्णय निर्वाचन आयोग की उन चुनाव कर्मियों को पर्याप्त मुआवजा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो सटीक मतदाता सूची बनाए रखने, मतदाताओं की सहायता करने और चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए क्षेत्र स्तर पर अथक परिश्रम करते हैं।

ह./-

अपूर्व कुमार सिंह

सहायक निदेशक

आयोग के राजभाषा प्रभाग द्वारा अनूदित